## खबर संक्षेप



### धान खरीद में बड़े घोटाला का लगाया आरोप

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) ने हरियाणा की मंडियों में धान खरीद प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी और करोड़ों रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि खरीद एजेंसियों के अधिकारी, राइस मिलर, मार्केट कमेटी अधिकारी और सरकार आपसी मिलीभगत से किसानों को लूटने का कार्य कर रहे हैं। मेहला ने बताया कि किसानों को धान की नमी के नाम पर 500 से 600 रुपये प्रति क्विंटल तक कम भाव दिया जा रहा है। कई मंडियों में तोल कांटों से गड़बड़ी कर किसानों को ठगा जा रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि किसान अमन मेहला बलड़ी की फसल में नमी को लेकर मंडी अधिकारियों और मिलर ने धांधली की। मिलर ने पहले धान लेने से इनकार किया और फिर 2100 रुपये प्रति क्विंटल का भाव लगाया, जबकि मार्केट कमेटी की मशीन से जांच करने पर नमी केवल 17 प्रतिशत ही पाई गई। किसान की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (2389 प्रति क्विंटल) पर खरीदी गई।

### अन्नदाताओं का सम्मान करना जरूरीः नीरज

**तरावड़ी।** लंबे अरसे बाद एक बार फिर से नीला आसमान और स्वच्छ वातावरण देखने को मिला है। यह सिर्फ मौसम का करिश्मा नहीं, बल्कि हमारे अन्नदाता



किसानों की जागरूकता और मेहनत का परिणाम है। किसानों ने इस बार पराली जलाने की हानिकारक परंपरा को छोड़कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल की है। उनके इस कदम से न केवल हवा स्वच्छ बनी है, बल्कि खेतों की मिट्टी भी और अधिक उपजाऊ हो गई है। अब पराली को बेकार अवशेष नहीं, बल्कि एक मूल्यवान संसाधन के रूप में देखा जा रहा है। कागज उद्योग, इथेनॉल उत्पादन और बायो-सीएनजी जैसे क्षेत्रों में इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है।

# करवाचौथ व्रत से पति का जीवन सुरक्षित, संकट दूर होतेः चेतन देव

- श्रद्धालुओं ने हवन कुंड की परिक्रमा की, भजनों की धुन पर झूमे भक्त, अंत में हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उत्तम औषधालय बाजार स्थित माता रामप्यारी मंदिर परिसर में कार्तिक मास कथा के अंतर्गत आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में पंडित चेतन देव ने करवा चौथ व्रत के धार्मिक महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि यह व्रत न केवल पति-पत्नी के स्नेह का प्रतीक है, बल्कि सुहागिन महिलाओं के जीवन में सौभाग्य और उनके पतियों की दीर्घायु का आशीर्वाद लेकर आता है। हवन यज्ञ से हुई शुरुआत, देवेंद्र बत्रा रहे सानिध्य में कथा का शुभारंभ प्रातःकाल भव्य हवन यज्ञ से हुआ। वैद्य देवेंद्र बत्रा के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने विधि-विधानपूर्वक हवन में आहुति डाली और हवन कुंड की परिक्रमा की। परिसर "ओम् नमो भगवते वासुदेवाय" और "जय माता दी" के जयघोष से गूंज उठा।



**करनाल।** श्रद्धालुओं ने हवन कुंड की परिक्रमा की, भजनों की धुन पर झूमे भक्त, अंत में हुआ भंडारा प्रसाद वितरण। *फोटो : हरिभूमि*

### भजन मंडली ने किया भावविभोर

कथा के बीच भजन मंडली ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। भजनों पर पूरा परिसर गूंज उठा। भंडारा कमेटी के सानिध्य में हुआ सुचारू आयोजन पूरे आयोजन की व्यवस्थाएं भंडारा कमेटी के प्रधान भारत भूषण काकू के सानिध्य और देखरेख में संपन्न हुईं। ढोलकी मास्टर अशोक पोपली ने संगीतमय प्रस्तुति दी, जबकि कथा का लाइव प्रसारण सचिन क्वात्रा द्वारा किया गया।

### भंडारा प्रसाद वितरण से हुआ समापन

कथा के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। पंडित चेतन देव ने कहा कि "प्रसाद केवल भोजन नहीं, बल्कि ईश्वर का आशीर्वाद है।" उन्होंने सभी भक्तों को कार्तिक मास में नियमपूर्वक व्रत-उपवास और सत्संग में भाग लेने की प्रेरणा दी।

### आध्यात्मिकता और अनुशासन का संदेश

कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति, अनुशासन और सेवा भाव से भरपूर वातावरण का अनुभव किया। वैद्य देवेंद्र बत्रा, पंडित चेतन देव, पंडित शेखर शर्मा और पंडित सच्चिदानंद की उपस्थिति से यह आयोजन पूर्णतः सफल रहा।

### करवाचौथ और गणेश चतुर्थी का महत्व बताया

मुख्य कथा का वहन पंडित चेतन देव ने किया। उन्होंने कहा कि करवा चौथ का व्रत केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक दिव्य साधना है। जो महिलाएं यह व्रत विधि-विधान से करती हैं, उनके पति के जीवन में कोई कष्ट या संकट नहीं आता और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि "धर्म और विश्वास का संगम जब भक्ति से जुड़ता है, तो ईश्वर की कृपा अपने आप प्राप्त होती है। पंडित शेखर शर्मा और सच्चिदानंद ने बताया व्रत का पौराणिक आधार कथा के दौरान पंडित शेखर शर्मा और पंडित सच्चिदानंद ने भी मंच साझा करते हुए करवाचौथ और गणेश चतुर्थी के धार्मिक और पौराणिक महत्व का वर्णन किया। उन्होंने महाभारत की उस कथा का उल्लेख किया।

### करवाचौथ कथा के वर्णन में बताया

करवा चौथ का व्रत केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक दिव्य साधना है। जो महिलाएं यह व्रत विधि-विधान से करती हैं, उनके पति के जीवन में कोई कष्ट या संकट नहीं आता और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। **पंडित चेनन देव**

## जिले भर में करवाचौथ पूजन को लेकर महिलाओं में दिखा उत्साह

# सजना के लिए सजीं सुहागिनें, पति की लंबी आयु के लिए चांद को दिया अर्घ्य

- करनाल के सदर बाजार, कर्ण मार्केट में उमड़ी भारी भीड़
- ग्राहकों की भीड़ देख बाजारों में दुकानदारों के खिले चेहरे

सुहागिनों ने सूर्योदय से पहले सरगी ग्रहण कर व्रत की शुरुआत की। दिनभर निर्जला उपवास रखकर उन्होंने भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी की पूज की। चांद छलनी से चांद का दर्शन कर, अपने पति का चेहरा देखा व्रत का समाप्त किया

हरिभूमि न्यूज करनाल।

सुहागिनों का परम पावन पर्व करवा चौथ पूरे करनाल जिले में शुक्रवार को धूमधाम, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। दिनभर शहर की गलियों, मंदिरों, बाजारों और पूजा स्थलों में व्रती महिलाओं की चहल-पहल रही। सुहागिनों ने सजधजकर, हाथों में सुहाग की मेंहदी रचाकर, अपने पति की दीर्घायु और दांपत्य सुख की कामना के साथ यह व्रत पूर्ण विधि-विधान से किया। शाम के समय जब चाँद का दीदार हुआ, तो शहर का नज़ारा देखते ही बनता था। जगह-जगह छतों पर सजी थालियों में दीपक, छलनी और करवे लेकर महिलाएँ चाँद को अर्घ्य देने के लिए उमड़ पड़ीं। सदर बाजार स्थित उत्तम औषधालय परिसर में करवा चौथ कथा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने भाग लिया। कथा का संचालन स्थानीय धार्मिक महिला मंडल की सदस्यों ने किया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति के अनुसार करवा चौथ की कथा सुनी, जिसमें सती सावित्री और माता पार्वती की कहानियाँ सुनाई गईं। कथा के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर मंगलकामनाएँ दीं और /"सदा सुहागन रहो/" के आशीर्वचन के साथ पर्व की पवित्रता को बनाए रखा। शहर की सुहागिन नीतू शर्मा, प्रीति बंसल, रेखा सैनी और अर्चना गुप्ता ने बताया कि करवा चौथ का व्रत हर साल वे पूरे मनोयोग से करती हैं।



**करनाल।** करवाचौथ पूजन से पूर्व तैयारी करती सुहागिनें।



**तरावड़ी।** तरावड़ी में सुहागिनें मेंहदी लगवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बाजारों में रौनक

बाजारों में रही खूब रौनक
करवा चौथ से एक दिन पहले से ही करनाल के सदर बाजार, कर्ण मार्केट, सेक्टर 13-14, रंधावा रोड और कालरा मार्केट में महिलाओं की भारी भीड़ रही। मेंहदी लगाने वालों की दुकानों पर लंबी कतारें लगीं, और ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं की तैयारियाँ देर रात तक चलती रहीं। बाजारों में करवे, चुनरियाँ, साज-सज्जा के सामान और पूजन सामग्री की जमकर बिक्री हुई। मिठाई की दुकानों पर भी खूब भीड़ रही। यह पर्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि पति-पत्नी के अटूट प्रेम, निष्ठा और विश्वास का प्रतीक भी है।

### सुहागिनों ने धूमधाम से मनाया करवाचौथ का पर्व

**तरावड़ी।** आज क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ करवा चौथ का व्रत मनाया। दिनभर निर्जला उपवास रखकर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। शाम होते ही धोबी महोल्ला, चौधरी मोहल्ला, व कॉलोनियों और मंदिरों में महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ करवा माता की पूजा-अर्चना की। सोलह श्रृंगार से सजी-धजी सुहागिनों ने करवा चौथ के गीत गाए और एक-दूसरे के साथ पारंपरिक रस्में निभाईं। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा का आयोजन किया, जिसमें व्रतधारिणी महिलाओं ने कथा सुनी और करवों का आदान-प्रदान किया। जैसे ही चांद निकला, सुहागिनों ने छलनी से चांद और पति का दर्शन कर अर्घ्य दिया और पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत खोला। पूरे शहर में करवा चौथ का उल्लास देखने लायक था। बाजारों में मेहंदी, श्रृंगार सामग्री, साड़ियां और पूजा के सामान की खूब खरीदारी हुई। मेहंदी लगाए हाथ और पारंपरिक पोशाक में सजी महिलाओं ने इस पर्व को खुशियों और आस्था के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि करवा चौथ केवल एक व्रत नहीं, बल्कि पति-पत्नी के पवित्र संबंध और विश्वास का प्रतीक पर्व है, जो प्रेम और समर्पण का संदेश देता है।



### भाविप की शाखा प्रमुख ज्योति चौधरी बनीं करवा क्वीन

**करनाल।** भारत विकास परिषद्, कर्ण शाखा की महिला विंग द्वारा करवा चौथ पर्व पर हर्षोल्लास के साथ "स्नेह मिलन समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई महिला सहभागिता प्रमुख डॉ. रचना चौधरी ने की। गणेश वंदना से आरंभ हुए समारोह में गीत, संगीत, नृत्य और मनोरंजक खेलों के साथ बहनों ने परंपरा और सौहार्द का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन मनीषा अरोड़ा ने किया, जबकि करवा थीम आधारित खेलों का आयोजन ऋतु शर्मा, सोनिया नागपाल, लवली बत्रा और पारुल गर्ग ने करवाया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में रैंप वॉक किया, जिसका सबसे आकर्षक क्षण रहा "करवा क्वीन" प्रतियोगिता। इसमें शाखा की अध्यक्ष ज्योति चौधरी ने 'करवा क्वीन' का खिताब जीता। भावना कपूर और आरती शर्मा को सर्वश्रेष्ठ रैंप वॉक पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं लवली बत्रा, मनीषा अरोड़ा, ऋतु शर्मा, सोनिया नागपाल, उमा आहुजा और पारुल गुप्ता ने संभालीं। समारोह में शायना, अंशुल, वैदेही, सीमा नागपाल, निशी गर्ग, किरण गोयल, सुलक्षणा, शशि और महिमा सहित अनेक महिला सदस्यों ने भाग लिया और नारी शक्ति व भारतीय परंपरा का सुंदर संदेश दिया।

### वाई पूरण कुमार हत्या मामले की जांच हो

**करनाल।** जनवादी महिला समिति जिला करनाल ने आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की संदिग्ध मौत को "संस्थागत हत्या" बताते हुए गहरा रोष व्यक्त किया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। समिति की जिला अध्यक्ष ममतेश, सचिव जराशो शर्मा और कोषाध्यक्ष गीता ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि वाई पूरण कुमार ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उन्हें सरकारी तंत्र में जातिगत उत्पीड़न और अपमान के चलते मजबूर होना पड़ा। समिति ने कहा कि सुसाइड नोट में उन्होंने कई वरिष्ठ आईपीएस और आईएएस अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं, परंतु राज्य सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला समिति ने कहा कि सत्ता के संरक्षण में जातिगत भेदभाव और नफरत का ज़हर बढ़ रहा है।

# तरावड़ी में विधायक ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का शुभारंभ

- कार्यक्रम की मंडल अध्यक्ष चौधरी राजपाल नंबरदार हैबतपुर ने की अध्यक्षता

तरावड़ी, 10 अक्तूबर (राजकुमार खुराना)। क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने शुक्रवार को गांव ऐबला, बीर बड़ालवा और निगदु में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चौधरी राजपाल नंबरदार हैबतपुर ने की। इस अवसर पर विधायक ने गांव ऐबला और बीर बड़ालवा की फिरनी तथा निगदु में शोरगिर व बाल्मीकि चौपाल का शिलान्यास किया। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। जनता के सहयोग से विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रही है और गांव-गांव तक सड़क, चौपाल, स्ट्रीट लाइट, जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं सशक्त रूप से पहुंचाई जा रही हैं। मंडल अध्यक्ष चौधरी राजपाल नंबरदार ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवानदास कबीरपंथी हमेशा जनता के हितों के लिए तत्पर रहते हैं।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे विधायक भगवान दास कबीरपंथी शिलान्यास करते हुए।

## न्यूज डायरी



### ग्राहक अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**करनाल।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की करनाल इकाई द्वारा श्री रामचरित मानस पब्लिक स्कूल में ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन के.पी. अग्रवाल, महासचिव, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत (करनाल यूनिट) ने किया। जिला अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने संगठन के इतिहास, उद्देश्य और ग्राहक अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत ग्राहकों को मिलने वाले अधिकारों और शिकायत निवारण प्रक्रिया की जानकारी दी। परमानंद खुराना ने बच्चों को ग्राहकों के अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत किया तथा जिला कोषाध्यक्ष गुलशन मदान ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्य संदीप गौतम ने संस्था के पदाधिकारियों का धन्यवाद किया।



### विद्यार्थी यूथ फेस्टिवल की तैयारियों में जुटे

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल में जोनल यूथ फेस्टिवल की तैयारियां जोरों पर हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने बताया कि 13 से 15 अक्तूबर तक यह समारोह शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, इंद्री में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी डॉ. कृष्ण अरोड़ा और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी डॉ. बीर सिंह के निर्देशन में अभ्यास कर रहे हैं। विद्यार्थी पंजाबी भंगड़ा, पॉप सांग (हरियाणवी), लोकगीत, समूह गान, शास्त्रीय गायन-वादन, फाइन आर्ट और साहित्यिक प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। सांस्कृतिक समिति के सदस्य प्रो. प्रीति, डॉ. देवी भूषण, डॉ. बलजीत कौर, डॉ. जतिंद्रपाल सिंह, डॉ. अमरजीत कौर, डॉ. प्रवीण कौर, प्रो. मनीष, प्रो. रमनप्रीत भट्टी, प्रो. सीमा, डॉ. दीपक, डॉ. चेष्टा अरोड़ा, प्रो. नीतिश और प्रो. प्रिया विद्यार्थी तैयारियों में सहयोग दे रहे हैं।



### महापौर रेनू बाला गुप्ता ने सुनीं समस्याएं

**करनाल।** नगर निगम करनाल में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने शुक्रवार को जनसुनवाई आयोजित कर आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को बुलाकर शिकायतों का निवारण करवाया और निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत का समाधान शीघ्र किया जाए। महापौर ने कहा कि नागरिक अपनी शिकायतें लिखित रूप में व मोबाइल नंबर सहित लेकर आएं ताकि फीडबैक ली जा सके। उन्होंने निगम इंजीनियरों को निर्देश दिए कि सड़कों के गड्ढे, सीवरेज, जलापूर्ति और स्ट्रीट लाइट से संबंधित सभी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए। त्योहारी सीजन को देखते हुए उन्होंने सफाई निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिए कि शहर की सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रहे और बाजारों में अतिक्रमण न हो। महापौर ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व तथा विधायक जगमोहन आनंद के मार्गदर्शन में करनाल में अनेक विकास कार्य चल रहे हैं।



### करवाचौथ पर मेहंदी कार्यशाला का आयोजन

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग की ओर से करवाचौथ पर्व के उपलक्ष्य में "अर्न व्हाइल यू लर्न" योजना के तहत एक दिवसीय मेहंदी कार्यशाला आयोजित की गई। गृह विज्ञान की छात्राओं ने महाविद्यालय की कई अध्यापिकाओं और छात्राओं को सुंदर मेहंदी लगाई। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. मीनू शर्मा ने छात्राओं के उत्साह की सराहना की और कहा कि ऐसी कार्यशालाएं छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उपयोगी हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन पर बल दिया। कार्यशाला का सफल संचालन विभागाध्यक्ष लखविंदर कौर एवं प्राध्यापिकाएँ रीना, हिमानी, प्रीति, सुष्मिता, अपूर्वा, सुनैना, तमन्ना, गीतांजलि, गुंजन, लक्षिका, शेफाली, मानसी, युक्ता और नवीन के सहयोग से हुआ।

### हरियाणा रोडवेज सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की बैठक

**करनाल।** हरियाणा रोडवेज सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बैठक ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान रामनिवास शर्मा ने की और संचालन लाजपत शर्मा ने किया। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पेंशनर की आयु 65, 70 और 75 वर्ष होने पर क्रमशः 5, 10 और 15 प्रतिशत पेंशन बढ़ोतरी की जाए। इसके साथ ही पेंशनरों को कैशलेस मेडिकल सुविधा और पारिवारिक एलटीसी सुविधा प्रदान की जानी चाहिए कर्मचारी नेताओं ने मांग की कि उन्हें एसी बसों में यात्रा की सुविधा भी दी जाए। उन्होंने बताया कि उक्त मांगों को लेकर सरकार से कई बार वार्ता हो चुकी है और अधिकांश मांगों पर सहमति भी बन चुकी है, लेकिन आज तक इन्हें लागू नहीं किया गया है। इस अवसर पर रामचंद्र टाया, भगवंत सिंह, करतार सिंह ढिल्लो, सुलतान सिंह, राम कुमार शर्मा, जगत सिंह, निशाबर सिंह आदि मौजूद रहे।

## दोनों प्रतियोगिताओं में कुल 15 पदक हासिल कर जिले का किया नाम रोशन

# स्टेट स्केटिंग चैंपियनशिप में करनाल के खिलाड़ी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एसजीएफआई स्टेट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में करनाल के स्केटर्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, गुरुग्राम में आयोजित क्लब लेवल हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप में भी करनाल के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। दोनों प्रतियोगिताओं में कुल 15 पदक हासिल किए — जिनमें तीन गोल्ड, छह सिल्वर और छह ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। कोच संजय गोयल और पंकज बत्तरा ने बताया कि एसजीएफआई चैंपियनशिप का आयोजन रोहतक में हुआ जबकि क्लब लेवल प्रतियोगिता 6-7 अक्तूबर को गुरुग्राम में हुई।



### एसजीएफआई परिणाम

▶▶अंडर-19 (क्वार्ड रेस): साविका शर्मा: एक सिल्वर, एक ब्रॉन्ज
▶▶अंडर-17: रिषिका रॉय: दो सिल्वर, हेजल – एक सिल्वर, एक ब्रॉन्ज
▶▶अंडर-14: तवलीन – एक ब्रॉन्ज
▶▶इनलाइन रेस (अंडर-17): नवरूप चौहान – एक गोल्ड

### क्लब लेवल परिणाम

▶▶इनलाइन रेस (18 वर्ष से अधिक): सिमरन गुप्ता - दो गोल्ड
▶▶लड़के (12-15 वर्ष): वंश जाखड़ – एक ब्रॉन्ज
▶▶(8-10 वर्ष): अद्विक - एक सिल्वर, एक ब्रॉन्ज ▶▶क्वार्ड रेस (12-15 वर्ष): हेजल - एक सिल्वर, एक ब्रॉन्ज



### प्रताप स्कूल में गूंजा सशक्तिकरण का संदेश

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया, जिसमें बालिकाओं की शिक्षा, शक्ति और समान अधिकारों का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मधुर प्रार्थना गीत से हुआ। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हर बालिका को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का समान अवसर मिलना चाहिए।

### बोले प्राचार्य

**बेटियों को शिक्षा व समान अवसर दें**

विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षा देना उन्हें समान अवसर प्रदान करना और उनका सम्मान करना है यही एक प्रगतिशील समाज की पहचान है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि यह एक सोच है जो हमें याद दिलाती है कि हर बेटी अपने सपनों को पूरा करने का हक रखती है। जब हम बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान देते हैं, तो वे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज को सशक्त बनाती हैं।

## खबर संक्षेप

### समस्याओं के त्वरित हल के निर्देश

**पानीपत।** जिला स्तर पर लंबित जनशिकायतों के समाधान को लेकर सरकार गंभीर दिखाई दे रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता आयुक्त एवं सचिव विजय सिंह दहिया ने की। उन्होंने निर्देश दिए कि बीते 60 दिनों में दर्ज हुई शिकायतों का समाधान अधिकारी विभागीय समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। विजय दहिया ने फीडबैक लिया और जनता की समस्याओं के त्वरित हल के निर्देश दिए।

### आर्य कॉलेज में होगा रोजगार मेला

**पानीपत।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला पानीपत में ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह ने बताया कि रोजगार मेला 16 अक्टूबर को आर्य कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। जिसमें करीब पांच हजार प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 14 से

**पानीपत।** जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने बताया कि बाल भवन में 14 से 17 अक्टूबर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिताएं विभिन्न समूहों में आयोजित की जाएंगी। जिसमें पहला समूह पांचवी कक्षा तक, दूसरा समूह छठी से आठवीं कक्षा तक, तीसरा समूह नवमी से दसवीं कक्षा तक और चौथा समूह 11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए बनाया गया है।

### पूरन सुसाइड केस की निष्पक्ष जांच हो

**पानीपत।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन जिला कमेटी हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की संस्थागत हत्या पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करती है। खेत मजदूर यूनियन उनकी पत्नी आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार और अन्य परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। इस अवसर पर यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र एवं जिला अध्यक्ष रोहतास, जिला उपाध्यक्ष अंग्रेज सिंह, सचिव मंडल सदस्य ओमपाल आदि उपस्थित रहे।

### किसान कमेटी का रोष मार्च

**इसराना।** अखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कमेटी के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय इसराना के प्रांगण में विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार इसराना के माध्यम से लिखित ज्ञापन पत्र भेजा गया। प्रदर्शन में किसान सभा के तहसील इसराना के प्रधान सत्यनारायण गवालडा, सचिव सीताराम शर्मा मांडी, किसान सभा के जिला प्रधान डॉक्टर सुरेंद्र मलिक, जिला सचिव राजपाल गाहल्याण, का. सुनील दत्त, राजवीर मलिक, समय सिंह मलिक, रामकिशन कुंडू, हरिराम शर्मा, एसए खान, राजेंद्र, रोहतास, अंग्रेज सिंह, ओमपाल, सहीराम, विक्रम, रोहतास, समे सिंह व सुमेर सिंह आदि ने भाग लिया।

### पर्व से सद्भावना बढ़ती है

**समालखा।** संस्कृति, समर्पण और सौभाग्य के प्रतीक पर्व करवा चौथ के पावन अवसर पर सभी विवाहित माताओं एवं बहनों को पवित्रता और प्रेम के प्रतीक इस पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल ने कहा कि ऐसे त्यौहारों की वजह से ही भारत में समाज व भाईचारा मजबूत है। करवाचौथ का त्योहार महिलाओं के लिए अति शुभ माना गया है। महिलाएं अपने प्रति के लिए रहती है। आज आस-पास की माता व बहनों के साथ मिलकर करवा चौथ का व्रत धूमधाम से मनाया गया है जो इस बात का प्रमाण है। इस अवसर पर कांता गोयल, पूजा गोयल, अदिति जैन, शशि जैन, मंजू जैन, सविता आदि मौजूद रही।

## एसडी कॉलेज में वूमेन सेल ने करवाचौथ पर्व मनाया

# रिश्तों को मजबूत करता है करवाचौथ का त्योहार

**कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र मेगा मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन रहा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में करवाचौथ पर्व धूमधाम और परंपरागत तरीके से मनाया गया। वहीं, कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र मेगा मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन रहा। जिसमें प्रिया पहले, सान्या दूसरे, वंदना तीसरे स्थान रही। इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि 'मम सुखसौभाग्य पुत्रपौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये कर्क चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये' का भाव लिए करवाचौथ पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों और रिश्तों को मजबूत करने वाला पर्व है। वहीं, कॉलेज की छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं को पहले से इस भावनात्मक त्योहार के प्रति जागरूक करना ही इस प्रकार के आयोजनों को मनाने का ध्येय है। उन्होंने कहा कि कामयाबी के साथ जीवन में खुशियां और शान्ति मिले ऐसी मंगल कामना कॉलेज करता है। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका चांदना प्रो. प्रवीण कुमारी डॉ. मोनिका खुराना, डॉ. संतोष कुमारी, डॉ. सुशीला बेनीवाल, डॉ. दीपा वर्मा, डॉ. प्रोमिला, डॉ. बिंदु प्रो. सविता कुमारी आदि उपस्थित रही। उपरोक्त सभी ने मंगलगीत गाए।



**पानीपत।** एसडी कॉलेज में करवाचौथ पर्व पर हाथों पर लगी मेहंदी का प्रदर्शन करते हुए अध्यापिकाएं व छात्राएं।



### पानीपत में करवा चौथा पर्व की धूम

**इसराना।** करवा चौथ पर्व का व्रत जो विवाहित महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु ओर समृद्धि के लिए रखती है। इस व्रत को चन्द्रमा के दर्शन के बाद ही पूर्ण माना जाता है। इस दिन महिलाएं भगवान शिव,माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय की पूजा-अर्चना करतीं हैं ओर निर्जला उपवास रखती है। करवा जो मिट्टी का बर्तन है उसमें जल भरती है। धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जा रहा है। इस दिन महिलाएं हाथों पर मेहंदी लगाती है और सोलह श्रृंगार करती है, वहीं, देर रात्रि को चन्द्रमा के दर्शन करने के बाद घरों से बाहर निकल कर महिलाएं अपने पति परमेश्वर की आरती उतारी है तिलक लगाकर उसका मुंह छलनी में देखती है। जबकि पति अपनी पत्नी को जल ग्रहण करवाकर उसका निर्जला व्रत खुलवाता है।

## किसानों को मंडियों में धान के दाम कम मिलने के विरोध में इनेलो का प्रदर्शन

# मंडियों में किसानों को धान के कम मिल रहे हैं रेट, गिरदावरी करवाने की मांग की

**पार्टी ने किसानों की उपज को कम दाम पर खरीदने और वादाखिलाफी का आरोप लगाए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इसराना

इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने मतलौडा स्थित नई अनाज मंडी में सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। पार्टी ने किसानों की उपज को कम दाम पर खरीदने और वादाखिलाफी का आरोप लगाए। वहीं, इनेलो कार्यकर्ताओं ने इनेलो की किसान सेल के प्रधान महासचिव प्रेम सिंह भालसी व जिला प्रधान कुलदीप राठी के नेतृत्व में मंडी में घूमकर प्रदर्शन किया। इधर, प्रदर्शनारी इनेलो नेताओं ने मार्केट कमेटी कार्यालय में पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम क्लर्क सतबीर सिंह नैन को सौंपा। वहीं, इनेलो की किसान सेल के प्रधान महासचिव प्रेम सिंह भालसी ने कहा कि सरकार किसानों की उपज को नमी के नाम पर कम दाम पर खरीद रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को उनकी फसल का पूरा भाव नहीं मिल रहा है। वहीं युवा इनेलो के प्रदेश प्रधान महासचिव डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2775 रुपये, कपास का 8110 रुपये और धान का 2369 व 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है, लेकिन सभी फसलों पर कटौती कर कम भाव में खरीदा जा रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द गिरदावरी करवाने की मांग भी की।



**इसराना।** मतलौडा मंडी में प्रदर्शन करते हुए इनेलो की किसान सेल के प्रधान महासचिव प्रेम सिंह भालसी आदि। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

आंदोलन में इनेलो की किसान सेल के प्रधान महासचिव प्रेम सिंह भालसी, राजेंद्र जागलान, भूपेंद्र सिंह बांध, अमरजीत मलिक, रविंद्र बिंझौल साहिल देशवाल आदि ने भाग लिया।

## दहशतगर्दी का अड्डा बनी मतलौडा मंडी

**इसराना।** पानीपत के गांव मतलौडा की की नई अनाज मंडी में वीरवार को आढ़ती की दुकान में हुई गोलीबारी के विरोध में मंडी के सभी आढ़तियों ने हड़ताल शुरू कर दी है। वहीं आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान दीपक गर्ग ने बताया कि सभी आढ़तियों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया है कि जब तक पुलिस प्रशासन, दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करेगा, तब तक मंडी में कोई कार्य नहीं होगा। वहीं, इस घटना से आढ़तियों में रोष है और किसान भी परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बदमाशों ने अनाज मंडी को दहशतगर्दी का अड्डा बना दिया है। स्मरणीय है कि वीरवार को मंडी की दुकान नंबर 35 पर पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच समझौते के लिए पंचायत चल रही थी। इस दौरान दोनों पक्षों में बहस हुई और फिर गोलीबारी हुई। जिसमें दुकान मालिक भीम सिंह व बाबा जितेंद्र गिरि गोलियां लगने से घायल हो गए। वहीं, विक्की व अजीत चाकू के वार से घायल हुए। इधर, थाना मतलौडा प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि गोलीबारी व चाकूबाजी की घटना की शिकायत नहीं मिली है।

### किलो पर मिलेगी रेहडी वालों को जगह

**पानीपत।** थाना किला के पास नगर निगम की खाली पड़ी जमीन में 500 से अधिक रेहड़ी फड़ी वाले दुकानदारों को जगह दी जाएगी। इधर, विधायक प्रमोद विज ने शुक्रवार को नगर निगम के एटीपी दीपक राणा और एक्सईन गोपाल कलावत को निर्देश दिए कि इस भूखंड को जल्द साफ-सुथरा कर व्यवस्थित किया जाए और रेहड़ी वालों के लिए निर्धारित मार्किंग की योजना तैयार की जाए।

# पानीपत में सनौली रोड को 16 फुट चौड़ा किया जाएगा

**पोल शिफ्टिंग के कार्य की लागत 4 करोड़ 22 लाख आएगी**

- विधायक विज ने मार्ग का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पानीपत का सनौली रोड वंदे मातरम चौक से बबैल नाके तक 16 फुट चौड़ा किया जाएगा। वहीं, सड़क की दोनों लेन को आठ-आठ फुट चौड़ा किया जाएगा। जबकि रोड के चौड़ीकरण से पूर्व पीडब्ल्यूडी विभाग की विद्युत इकाई द्वारा बिजली के पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा। पोल शिफ्टिंग के कार्य की लागत 4 करोड़ 22 लाख आएगी, विधायक प्रमोद विज के आग्रह पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह राशि संबंधित विभाग को प्रेषित की है। इधर, पोल शिफ्टिंग का कार्य प्रारंभ होने से पूर्व विधायक प्रमोद विज ने पीडब्ल्यूडी विभाग के विद्युत इकाई के सदस्यों के साथ सनौली रोड का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों के साथ पोल शिफ्टिंग की जगह चिन्हित कर शीघ्र अतिशीघ्र कार्य को पूर्ण करने का आदेश दिए है। दूसरी ओर, सनौली रोड के चौड़ीकरण के बाद ट्रैफिक व्यवस्था और बेहतर होगी।



**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज, सनौली रोड का निरीक्षण करते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

# प्रभु वाल्मीकि की शिक्षाओं का पालन करें

- सर्व समाज ने महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पानीपत सनौली रोड स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में सर्व समाज ने महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में महंत लोकेश दास महाराज (ऋषिकेश), बाबा अंसल नाथ महाराज, बाबा खेरू नाथ, स्वामी नरेशानंद महाराज, विधायक प्रमोद विज, मेयर पति दिनेश सैनी, आरएसएस के प्रांत संयोजक महेन्द्र कसंल, डीएसपी राजबीर, पूर्व ज्वाइंट कमिश्नर बलजीत राय, जयपान हुड्डा जिला कल्याण अधिकारी, साहित्यकार रमेश पुहाल, सूरज प्रधान, माम राज, बाला राम बादल, कुकु पहलवान, चांद भाटिया, अशोक आर्य, शशि कपूर, शेरू उस्ताद, पार्षद कमल अरोड़ा, पार्षद रोकी गहलोत, पार्षद अमित नारंग, पार्षद धर्मवीर कश्यप, प्रसन्नता चावरिया आदि ने महर्षि वाल्मीकि को नमन किया। जबकि महंत लोकेश दास महाराज ने नागरिकों से महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं का जीवन में पालन करने की अपील की।



**पानीपत।** महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में महंत लोकेश दास, समाजसेवी शशि कपूर को सम्मानित करते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर नितिन जीनवाल, जयभगवान जीनवाल, कुलदीप संजय बादल, कुलदीप बहोत, सुभाष जीनवाल, भारत राय, दिनेश जीनवाल, मदन लाल डुमज, जोगिंदर बादल, दिनेश कांगड़ा, सोहन बादल, प्रवेश कागडा, सोहन बहोत, दलीप बहोत, बबीता सिरसबाल, रवि जीनवाल, अमर कांगडा आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आर्य स्कूल की छात्राओं ने मेडल जीते



**पानीपत।** खेलो इंडिया वुशू प्रतियोगिता में आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दो लड़कियां आरुषि 24 किलोग्राम भार में सिल्वर मेडल और नव्या ने 36 किलोग्रा भार में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इधर, विद्यालय के प्रिंसिपल मनीष घनघस ने विजेता खिलाडियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाछ दिया। जबकि विद्यालय के प्रधान वीरेंद्र पाढा ने कहा कि हमारे विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उत्तम स्वास्थ्य व संस्कार की शिक्षा दी जाती है। जिसके कारण बच्चे खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रबंधक रामपाल जागलान ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को बाहर निकालना है। वह चाहे खेल हो, शिक्षा हो या कोई भी आर्ट हो। वहीं, विजेता खिलाड़ियों के प्रशिक्षक पीटीआई संदीप आर्य व मोहित कुमार को भी स्कूल प्रशासन ने बधाई दी।

# विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाता है क्विज

- आईबी कॉलेज में विद्यार्थियों ने मध्यकालीन भारत के इतिहास को जाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

आईबी कॉलेज में 'कल्चर हेरिटेज क्लब विरासत' इतिहास विभाग की ओर से विरासत सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान इतिहास विभाग का संग्रहालय सभी विद्यार्थियों के लिए खुला हुआ है। प्रतिदिन सैकड़ों विद्यार्थी संग्रहालय का अवलोकन कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को एमए प्रथम व द्वितीय वर्ष तथा बीए के लिए 'मध्यकालीन भारत का इतिहास' पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, वंशिका, अंजू, तन्नु, की टीम प्रथम, पूजा अन्नू, इसिका की टीम द्वितीय रही। इधर, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि विद्यार्थियों को ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। विजेताओं को इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. नरवीर, प्रो. डॉ. बिजेंदर, रवि, चारु ने पुरस्कृत किया।



# मंटू ने जीता पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिल्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

इंडियन ऑयल की पानीपत रिफाइनरी कार्यरत कर्मचारी मंटू कुमार ने प्रथम अबिया राज्य नाइजीरिया पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतकर क्षेत्र और इंडियन ऑयल का नाम पूरे देश में रोशन किया है। मंटू कुमार के रिफाइनरी टाउनशिप पहुंचने पर उनके घर बधाई देने वालों का तांता लग गया। रजत पदक जीतकर लौटे मंटू कुमार का लोगों ने स्वागत कर सिर आंखों पर बिठाया। मंटू कुमार ने बताया कि यह बैडमिंटन प्रतियोगिता तीस सितंबर से पांच अक्टूबर 2025 तक लागोस, नाइजीरिया (अबिया राज्य) में आयोजित की गई। इधर, मंटू कुमार के घर पहुंचे कर्मचारी यूनियन के पूर्व प्रधान संपूर्ण सिंह ने बताया कि मंटू कुमार ने इंडियन ऑयल के साथ-साथ इस क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है।



**पानीपत।** नाइजीरिया में तिरंगे लहराते हुए मंटू कुमार। **फोटो :हिभूमि**

## शिक्षा मंत्री ने भाजपा कार्यालय में जनता से सीधा संवाद किया

# भाजपा सरकार में हर वर्ग की सुनवाई हो रही: महिपाल ढांडा

**आईपीएस पूरन के परिवार को न्याय दिलवाएगी प्रदेश सरकार**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। मंत्री ढांडा ने अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश देकर कई शिकायतों का समाधान किया और भरोसा दिलाया कि किसी भी पीड़ित को न्याय से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इधर, ढांडा ने कहा कि पानीपत भाजपा कार्यालय पर पहली बार जनता दरबार आयोजित किया गया है। वहीं, जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है। मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग की सुनवाई हो रही है और पारदर्शिता के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो टैक्स 18 प्रतिशत था वह अब 5 प्रतिशत है। 12 प्रतिशत था वह 5 प्रतिशत आ गया है। जो 28 प्रतिशत था वह 18 प्रतिशत पर आ गया है। मंत्री ने कहा कि जीएसटी का लाभ अब सीधे आमजन को मिलेगा। पहले की सरकार ने भारत को स्वावलंबी बनाने की सोची नहीं थी। दूसरी ओर, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को न्याय दिलाने के लिए कई पहल की हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी और सरकार दोनों ही लोगों की सेवा के लिए समर्पित हैं।



**पानीपत।** जनता से संवाद करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। **फोटो :हरिभूमि**

### आईपीएस के परिवार को न्याय मिलेगा

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि वरिष्ठ आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले में कहा कि यह बहुत ही दुखद और संवेदनशील घटना है। उन्होंने कहा कि सरकार इस प्रकरण को गंभीरता से ले रही है और निष्पक्ष जांच जारी है। वहीं, जांच पूरी तरह पारदर्शी होगी और दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जो कहा है उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वाई पूरन कुमार को न्याय अवश्य मिलेगा और सच्चाई सामने आने में अब देर नहीं है।

### पुलिस टीम ने कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने पानीपत गोहाना बाईपास पर सिवाह नहर पुल के पास अवैध देसी पिस्तौल के साथ अंकुश पुत्र अजय निवासी पीपलहेड़ा मुजफ्फरनगर यूपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया कि अंकुश पानीपत में शराब ठेकेदार के पास काम करता है। बरामद देसी पिस्तौल उसने करीब दो महीने पहले यूपी के मेरठ में एक अज्ञात ऑटो रिक्शा वाले से 45 हजार रूपए में खरीदा था। वहीं, अंकुश पर थाना इसराना में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### पुलिस ने दो सट्टेबाज पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस टीम ने गंगापुरी रोड पर सट्टा खाईवाली कर रहे दो आरोपियों समस्तीपुर बिहार हाल गंगापुरी रोड निवासी ब्रहमदेव व कोशांबी बिहार हाल गंगापुरी रोड निवासी राजू उर्फ राजकुमार को गिरफ्तार किया है।

